**DO NOT OPEN THE BOOKLET UNTIL INSTRUCTION**
**इस पुस्तिका को निर्देश प्राप्त होने तक न खोलें।**

# Ph.D. Entrance Test
## (Session : 2023-2024)
## ECONOMICS

Booklet Series: **S**

**Booklet Number**

College Code: | 0 | 0 | 2 |

Roll Number अनुक्रमांक (अंकों में)

In words(शब्दों में)

| | | |
|---|---|---|
| Maximum Marks | : | **70** |
| अधिकतम अंक | : | **70** |
| Time | : | **2 Hours** |
| समय | : | **2 घण्टे** |

| | |
|---|---|
| **CANDIDATE'S SIGNATURE** | |
| **INVIGILATOR'S SIGNATURE** | |

**Paper Catch : 007**
**पेपर संकेतांक : 007**

***General Instructions :***

1. This paper contains **two** sections - Section **'A'** (Question No. 1 to 35) and Section **'B'** (Question No. 36 to 70). **All questions are compulsory of both the sections.**
2. Each question carries one mark. There is no **Negative Marking.**
3. Every question has four alternative answers (A, B, C, D) Only one answer is correct. The answer which you think to be correct, the corresponding oval should be darkened by **Black ball point pen** only in OMR answer sheet.
4. Do not write anything inside question booklet Rough work should be done only in space provided for the purpose in this booklet.
5. Read the question paper carefully before darkening the Ovals in Answer sheet, otherwise once they are darkened you will not be in a position to alter your sheet.
6. After completing test. Check all entries that you have completed in question booklet and answer sheet and return your question booklet along with answer sheet to the invigilator.

***सामान्य निर्देश :***

1. इस प्रश्न-पत्र के दो **खण्ड** है- खण्ड **'अ'** (प्रश्न संख्या 1 से 35) तथा खण्ड 'ब' (प्रश्न संख्या 36 से 70) हैं। **दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक है। **ऋणात्मक अंक** का प्रावधान नहीं हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर (A, B, C, D) हैं। केवल एक उत्तर वाले ओवल को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्र पर **काले बॉल पेन** से काला कर दें।
4. प्रश्न पुस्तिका के अन्दर कुछ भी न लिखें। रफ कार्य केवल उन्हीं स्थानों पर किया जाय जो इसके लिए प्रश्न पुस्तिका में निर्धारित किया गया है।
5. उत्तर-पत्र में ओवल्स को भरने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यान से पढ़ें अन्यथा एक बार ओवल भरने के पश्चात उत्तर बदलना संभव नहीं होगा।
6. परीक्षा का फार्म सम्पादित करने के उपरान्त प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर प्रपत्र में अपने द्वारा पूरित पूर्तियों की जाँच कर लें और उसके उपरान्त कक्ष परिप्रेक्षक को अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक सौंप दें।

***Instructions for filling OMR Answer sheet/ओ.एम.आर. उत्तर-पत्र भरने के लिए निर्देश :***

1. All the entries must be filled in with Black Ball Point pen only.
   सभी प्रविष्टिया केवल काले बॉल पेन से ही भरनी है।
2. Write your Roll no (in words), Name of Exam Centre, Name of the candidate, Question Booklet no. and candidate's signature at place provided.
   निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक (शब्दों में), परीक्षा केंद्र का नाम, उम्मीदवार का नाम, प्रश्न पत्रिका संख्या और उम्मीदवार के हस्ताक्षर लिखें।
3. Write your Roll no., College code, Question Booklet Series and Paper Catch, then darken the respective ovals by Black Ball point pen only.
   अपना अनुक्रमांक, कॉलेज कोड, प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला और पेपर कोड लिखें, फिर संबंधित अंडाकारों को केवल काले बॉल पेन से ही भरें।
4. Do not temper with Barcode, otherwise your candidature will be forfeiled.
   बारकोड से छेड़छाड़ न करें, अन्यथा आपकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

**HANDOVER QUESTION BOOKLET TO INVIGILATOR AFTER EXAMINATION**
**परीक्षा समाप्ति के बाद प्रश्नपुस्तिका अन्तरीक्षक को सौंप दें।**

# Paper - I : Research Methodology

1. If the statement no philosopher are industrialists is given as time which of the following statement can be immediately inferred from it to be true
   (A) No philosophers are rich persons
   (B) All industrialist are philosophers
   (C) Some philosophers are industrialist
   (D) Some philosophers are not industrialist
2. Assertion A: Deductive arguments are either invalid or valid.
   Reason R: All detective arguments claim that if the premise are true then the conclusion must be true
   (A) both A and R are correct and R is the correct explanation of A
   (B) both A and R are correct and R is not the correct explanation of A
   (C) A is correct but R is not correct
   (D) A is not correct but R is correct
3. In the submission of thesis, if a student is found to commit plagiarism of Level 3 as Per UGC Regulations 2018 Plagiarism, the following Penalty will be imposed-
   (A) Student shall be debarred from submitting the revised thesis for a Period of one year.
   (B) Student's registration for that programme shall be cancelled.
   (C) Student shall be debarred from submitting the revised thesis for 6 Months.
   (D) Students shall be asked to submit the revised thesis within 6 months.
4. Identify the features of qualitative research, from the following.
   (i) Researcher becomes immersed in the situation present or Past
   (ii) Researcher is detached from the Study to avoid bias
   (iii) It develops context-bound generalizations
   (iv) It is based on logical Positivist Philosophy
   (v) It used an emergent research design.

1. यदि कथन कोई भी दार्शनिक उद्योगपति नहीं है को सत्य माना जाता है तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन तुरंत सत्य होने का अनुमान लगाया जा सकता है?
   (A) कोई भी दार्शनिक अमीर व्यक्ति नहीं है
   (B) सभी उद्योगपति दार्शनिक है
   (C) कुछ दार्शनिक उद्योगपति है
   (D) कुछ दार्शनिक उद्योगपति नहीं है
2. अभिकथन A: निगमनात्मक युक्तियाँ या तो अवैध होती है या वैध होती है
   कारण R: सभी निगमनात्मक युक्तियाँ यह दावा करती है कि यदि आधार वाक्य सत्य होते हैं तो निष्कर्ष भी सत्य होना चाहिए
   (A) A और R दोनों सही है और R, A की सही व्याख्या है
   (B) A और R दोनों सही है और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
   (C) A सही है लेकिन R सही नहीं है
   (D) A सही नहीं है लेकिन R सही है
3. थीसिस जमा करने में, यदि कोई छात्र साहित्यिक चोरी पर यूजीसी विनियमन 2018 के अनुसार लेवल 3 की साहित्यिक चोरी करता पाया जाता है, तो निम्नलिखित जुर्माना लगाया जाएगा
   (A) छात्र को 1 वर्ष की अवधि के लिए संशोधित थीसिस जमा करने से रोक दिया जाएगा
   (B) इस कार्यक्रम के लिए छात्र का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा
   (C) छात्र को 6 महीने के लिए संशोधित थीसिस जमा करने से रोक दिया जाएगा
   (D) छात्र को 6 महीने के भीतर संशोधित थीसिस जमा करने के लिए कहा जाएगा
4. निम्नलिखित में से गुणात्मक शोध के लक्षणों की पहचान कीजिए:
   (i) शोधकर्ता वर्तमान अथवा विगत की स्थितियों से निमग्र रहता है
   (ii) शोधकर्ता अध्ययन से असंलग्न रहता है ताकि वह पूर्वाग्रह से बच सके
   (iii) संदर्भ-युक्त सामान्यीकरण विकसित करता है
   (iv) यह तार्किक प्रत्यक्ष वादी दर्शन पर आधारित है
   (v) यह एक विकासशील शोध अभिकल्प का अनुप्रयोग करता है

Choose the Correct answer from the options given below.

(A) (i), (ii) and (iii) only
(B) (ii), (iii) and (iv) only
(C) (i), (iii) and (v) only
(D) (iii), (iv) and (v) only

5. which among the following mothed is conducted to describe the characteristics of a situation, phenomenon, or a problem?
(A) Descriptive Research
(B) Historical Research,
(C) Experimental Research
(D) Qualitative Research

6. Simran while writing a research Paper, copies a few lines from a source and interlays them in her paper. Which of the following describes Simran's Act?
(A) Auto Plagiarism
(B) Mosaic Plagiarism
(C) Complete Plagiarism
(D) Source -Based Plagiarism

7. Which of the following abbreviations used in footnotes and endnotes means 'the work cited'?
(A) et.al
(B) loc.cit.
(C) ibid
(D) op.cit

8. In a research study the variable which is not directly observable but whose effect is inferred on the dependent variable is termed as:
(A) Extraneous Variable
(B) Moderator variable
(C) Intervening Variable
(D) Treatment variable

9. A collage Principal conducts an ethnographic probe into the problem faced by tribal students. Which method of sampling would be most appropriate?
(A) Random Sampling
(B) Cluster Sampling
(C) Stratified sampling
(D) Systematic Sampling

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए

(A) (i), (ii) और (iii) केवल
(B) (ii), (iii) और (iv) केवल
(C) (i), (iii) और (v) केवल
(D) (iii), (iv) और (v) केवल

5. निम्नलिखित में से कौन सी विधि किसी स्थिति, घटना या किसी समस्या की विशेषताओं का वर्णन करने के लिए आयोजित की जाती है
(A) वर्णनात्मक अनुसंधान
(B) ऐतिहासिक अनुसंधान
(C) प्रयोगिक अनुसंधान
(D) गुणात्मक अनुसंधान

6. सिमरन एक शोध पत्र लिखते समय एक स्रोत से कुछ पंक्तियों की प्रतिलिपि बनाती है और उन्हें अपने पत्र में अतः स्थापित करती है। निम्नलिखित में से कौन सी साहित्यिक चोरी सिमरन के कृत्य का वर्णन करती है
(A) स्व-साहित्यिक चोरी
(B) मोजेक साहित्यिक चोरी
(C) पूर्व साहित्यिक चोरी
(D) स्रोत आधारित साहित्यिक चोरी

7. फुट नोट्स और एंडनोट्स में प्रयुक्त निम्नलिखित में से किस संक्षिप्त अक्षर का अर्थ उद्धृत कार्य है
(A) et.al
(B) loc.cit
(C) ibid
(D) op.cit

8. एक शोध अध्ययन में वह चर जो प्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य नहीं है लेकिन जिसका प्रभाव आक्रिट चर पर अनुमानित होता है, उसे कहा जाता है
(A) बाहय चर
(B) मॉडरेटर चर
(C) हस्तक्षेप चर
(D) उपचार चर

9. एक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जनजातीय विद्यार्थियों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को नृजातिक जाँच करवाई गई। प्रतिचयन की कौन सी विधि सर्वाधिक उपर्युक्त होगी
(A) यादृच्छिक प्रतिचयन
(B) स्तरित प्रतिचयन
(C) गुच्छ प्रतिचयन
(D) व्यवस्थित प्रतिचयन

10. Arrange the following group of terms in order to decreasing intension

(i) Mammal

(ii) Wildcat

(iii) Feline

(iv) Animal

(v) Vertebrate

(A) (ii), (iii), (i), (v), (iv)

(B) (iv), (v), (i), (iii), (ii)

(C) (iii), (ii), (v), (i), (iv)

(D) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

11. Action Research means-

(A) A Longitudinal Research

(B) A search initiated to solve an immediate problem.

(C) Web research using socioeconomic objective

(D) An Applied Research

12. Survey research studies

(A) Event (B) Process

(C) Population (D) Circumstances

13. Which among the following is a secondary source of Data?

(A) Archival Date

(B) Participant's Diary

(C) National sample survey organization Data

(D) Oral narratives

14. Which among the following is Scopus?

(A) Journal (B) Citation

(C) Database (D) Methodology

15. A good review of the research literature aims at:

(A) Subjective analysis of the content

(B) Providing information about the author and their affiliation

(C) Generating research question and validating these questions

(D) Conduct multiple task-based screening

16. A suitable average for testing the intelligence of students is:

(A) Geometric mean (B) Arithmetic mean

(C) Median (D) Mode

10. निम्नलिखित शब्दों के समूह को घटते आशय के क्रम में व्यवस्थित करें

(i) स्तनधारी

(ii) वाइल्ड कैट

(iii) बिल्ली के समान

(iv) पशु

(v) कशेरुक

(A) (ii), (iii), (i), (v), (iv)

(B) (iv), (v), (i), (iii), (ii)

(C) (iii), (ii), (v), (i), (iv)

(D) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

11. क्रियात्मक शोध –

(A) अधोमुखी अनुसंधान

(B) किसी तात्कालिक समस्या के समाधान का प्रयास

(C) सामाजिक आर्थिक उद्देश्यों सहित अनुसंधान

(D) व्यावहारिक अनुसंधान

12. सर्वेक्षण अनुसंधान अध्ययन

(A) घटना (B) प्रक्रिया

(C) जनसंख्या (D) परिस्थितियाँ

13. निम्नलिखित में से कौन सा डेटा का द्वितीयक स्रोत है

(A) अभिलेखीय डेटा

(B) प्रतिभागियों की डायरी

(C) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन डेटा

(D) मौखिक आख्यान

14. निम्नलिखित में से स्कोपस क्या है

(A) पत्रिका (B) उद्धरण

(C) डेटाबेस (D) क्रियाविधि

15. शोध साहित्य की एक अच्छी समीक्षा का उद्देश्य है

(A) सामग्री का विषयपरक विश्लेषण

(B) लेखकों और उनके संबद्धता के बारे में जानकारी प्रदान करना

(C) शोध प्रश्न उत्पन्न करना और उन प्रश्नों को मान्य करना

(D) कई कार्य आधारित स्क्रीनिंग आयोजित करता है।

16. छात्रों के बौद्धिक स्तर की जांच हेतु उचित माध्य है

(A) गुणोत्तर माध्य (B) समान्तर माध्य

(C) माध्यिका (D) बहुलक

17. Which of the following in not a method of data collection in social science research?
(A) Questionnaire (B) Survey
(C) Schedule (D) Interview

18. Which stage is research creates a working thesis for the research paper by specifying and organising the category of information?
(A) Research Design
(B) Developing a hypothesis
(C) Reivew of the literature
(D) Analysis of data

19. The class difference in the calculation of the Mode-
(A) should be equal
(B) should be unequal
(C) should be inclusive
(D) suitable all

20. Which of the following provided the strongest evidence of cause-and-effect relationship between independent and dependent variables?
(A) Descriptive statistics
(B) co-relational approaches
(C) non-experimental approaches
(D) experimental approaches

21. Bibliography means-
(A) Footnotes
(B) Quotations
(C) Biography
(D) vit of referred books research paper, etc.

22. What is a research design?
(A) A way conducting research that is not grounded in theory
(B) The choice between using qualitative or quantitative methods
(C) The style in which you present your research finding e.g. a graph
(D) A framework for every stage of the collection and analysis of data

23. Which of the following can not be used for checking similarly in a research document?
(A) Turnitin (B) Urkund
(C) Ithenticate (D) Zotero

17. निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में डेटा संग्रह की एक विधि नहीं है
(A) प्रश्नावली (B) सर्वे
(C) अनुसूची (D) साक्षात्कार

18. अनुसंधान में कौन सा चरण सूचना की श्रेणी को निर्दिष्ट और व्यवस्थित करके शोध पत्र के लिए एक कार्यकारी थीसिस बनाता है
(A) अनुसंधान डिजाइन
(B) एक परिकल्पना का विकास करना
(C) साहित्य की समीक्षता
(D) डेटा का विश्लेषण

19. बहुलक की गणना में वर्गांतर
(A) समान होने चाहिए
(B) असमान होने चाहिए
(C) समावेशी होने चाहिए
(D) उपर्युक्त सभी

20. निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र और निर्भर चर के बीच कारण और प्रभाव संबंध का सबसे मजबूत साक्ष्य प्रदान करता है
(A) वर्णनात्मक सांख्यिकी
(B) सह-सम्बन्ध दृष्टिकोण
(C) गैर-प्रयोगात्मक दृष्टिकोण
(D) प्रायोगिक दृष्टिकोण

21. ग्रंथ सूची का अर्थ है
(A) फुटनोट
(B) कोटेशन
(C) जीवनी
(D) संदर्भित पुस्तकों, शोध पत्रों, आदि की सूची

22. रिसर्च डिजाइन क्या है
(A) अनुसंधान करने का तरीका जो सिद्धांत पर आधारित नहीं है
(B) गुणात्मक या मात्रात्मक तरीकों का उपयोग करने के बीच चयन
(C) वह शैली जिसमें आप अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं। उदाहरणार्थ एक ग्राफ
(D) डाटा के संग्रह और विश्लेषण की हर चरण के लिए एक रूपरेखा

23. किसी शोध दस्तावेज में समानता की जांच के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग नहीं किया जा सकता है
(A) टर्निटिन (B) उरकुण्ड
(C) आइथेंटिकेट (D) जोटेरो

24 In the process of developing a research proposal, which one of the following is required

(A) give the findings

(B) Plan of investigation

(C) Recommendation to the policy makes

(D) Seek experts' opinion

25. A research paper evaluated by other experts either for publication or presentation at a conference is considered to have undergone:

(A) Peer review (B) Public review

(C) Private review (D) Research review

26. Which of the following is a characteristic of a well-defined research problem?

(A) It is broad and vague

(B) It has a single solution

(C) It is specific and clear

(D) It cannot be researched

27. What Is the purpose of standard deviation in statistics?

(A) to measure the spread of data

(B) to identify the central frequency

(C) to calculate the mean

(D) to determine the mode

28. What is the purpose of code of ethics in research?

(A) to dictate specific research methods

(B) to establish the universal ethics standards

(C) to limit the scope of research questions

(D) to promote competition among researchers

29. Which fallacy is committed in the following arguments?

"When I called you, you were neither in your class nor in the laboratory. Why are you avoiding me?"

(A) circular arguments (B) red hearing

(C) complex question (D) slippery slope

30. If a large diamond is cut up into little bits, it will lose its value just ad an array is divided up into small units of soldiers, its losses its strength." The arguments put above may be called as-

(A) analogical (B) deductive

(C) statistical (D) causal

24. शोध प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में निम्न में से किसकी आवश्यकता होती है

(A) परिणाम का उल्लेख

(B) अनुसंधान की योजना

(C) नीति-निर्माता के लिए संस्तुतियाँ

(D) विशेषज्ञों की राय जानना

25. किसी सम्मेलन में प्रकाशन या प्रस्तुति के लिए अन्य विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किए गए शोध पत्र को माना जाता है।

(A) सहकर्मी समीक्षा (B) सार्वजनिक समीक्षा

(C) निजी समीक्षा (D) अनुसंधान समीक्षा

26. निम्नलिखित में से क्या सुपारिभाषित शोध समस्या की विशेषता है।

(A) यह व्यापक और अस्पष्ट है

(B) इसका एक ही समाधान है

(C) यह विशिष्ट और स्पष्ट है

(D) इस पर शोध नहीं किया जा सकता

27. सांख्यिकी में मानक विचलन का उद्देश्य क्या है

(A) डेटा के प्रसार को मापने के लिए

(B) केंद्रीय प्रवृत्ति की पहचान करना

(C) माध्य की गणना करने के लिए

(D) मोड निर्धारित करने के लिए

28. अनुसंधान में आचार-नैतिकता का क्या उद्देश्य है?

(A) विशिष्ट अनुसंधान विधियों को निर्देशित करना

(B) सार्वभौमिक नैतिक मानक स्थापित करना

(C) शोध प्रश्नों की दायरे को सीमित करना

(D) शोधकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना

29. निम्नलिखित तर्क में कौन सी भ्रांति की गई है

"जब मैंने तुम्हें फोन किया, तो तुम ना तो अपनी कक्षा में थे और ना ही प्रयोगशाला में । तुम मुझसे क्यों बच रहे हो?"

(A) परिपत्र तर्क (B) रेड हेरिंग

(C) जटिल प्रश्न (D) फिसलन ढलान

30. "यदि एक बड़े हीरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया जाए, तो उसका मूल्य खो जाएगा, जैसे एक सेना को सैनिकों की छोटी-छोटी टुकड़ियों में विभाजित कर दिया जाए, तो वह अपनी ताकत खो देती है ।" ऊपर दिए गए तर्क को कहा जा सकता है ।

(A) अनुरूप (B) निगमनात्मक

(C) सांख्यिकी (D) कारण

31. Which of the following arguments is an example of the fallacy of a sadharna (Narrow middle term) Accordingly to Nyaya (Classical Indian School of logic)?

(A) Sound is non-eternal because it is produced

(B) Sound is eternal because it is audible

(C) Sound is eternal because it is produced

(D) Sound is quality because it is visible

32. Which one of the following is applicable in inductive logic in social research

(A) Theory, hypothesis, Pattern, Observation, confirmation

(B) hypothesis, Observation, confirmation, Theory

(C) Pattern, Observation, hypothesis, confirmation, Theory

(D) Observation, Pattern, Tentative, hypothesis, Theory

33. Identify the correct sequence of the following in a research paper-

(i) Research methodology

(ii) Title

(iii) Literature review

(iv) Data Analysis

(v) Introduction

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(B) (ii), (v), (iii), (i), (iv)

(C) (ii), (iii), (iv), (v), (i)

(D) (v), (i), (iii), (iv), (ii)

34. A researcher has administered some during for management of diabetes for 4 weeks in a group and measured pre and post data for blood glucose level. Which statistical tool will be used to analyse data?

(A) paired 't' test

(B) independent 't' test

(C) ANOVA test

(D) chi-square test

35. In order to begin research, one must:

(A) start with a number of clear goals

(B) start with a number of predefined objectives

(C) have a well-defined research method

(D) solve the research problem

31. निम्नलिखित में से कौन सा तर्क न्याय (तर्क का शास्त्रीय भारतीय स्कूल) के अनुसार एक साधना (संकीर्ण मध्य अवधि) की भ्रांति का उदाहरण है

(A) ध्वनि अनित्य है क्योंकि यह उत्पन्न होती है

(B) ध्वनि शाश्वत है क्योंकि यह श्रव्य है

(C) ध्वनि शाश्वत है क्योंकि यह उत्पन्न होती है

(D) ध्वनि गुणवत्ता है क्योंकि यह दृश्यमान है

32. निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक अनुसंधान में आगमनात्मक तर्क में लागू होता है

(A) सिद्धांत, परिकल्पना, पैटर्न, अवलोकन, पुष्टि

(B) परिकल्पना, अवलोकन, पुष्टि, सिद्धांत

(C) पैटर्न, अवलोकन, परिकल्पना, पुष्टि, सिद्धांत

(D) अवलोकन, पैटर्न, अस्थाई परिकल्पना, सिद्धांत

33. एक शोध पत्र में निम्नलिखित का सही क्रम पहचानें

(i) अनुसंधान क्रिया विधि

(ii) शीर्षक

(iii) साहित्य की समीक्षा

(iv) डेटा परीक्षण

(v) परिचय

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(B) (ii), (v), (iii), (i), (iv)

(C) (ii), (iii), (iv), (v), (i)

(D) (v), (i), (iii), (iv), (ii)

34. एक शोधकर्ता ने एक समूह में चार सप्ताह तक मधुमेह के प्रबंधन के लिए कुछ दवाएं दी और रक्त शर्करा के स्तर के लिए पूर्व और बाद के डेटा को मापा। डेटा का विश्लेषण करने के लिए किस सांख्यिकीय उपकरण का उपयोग किया जाएगा

(A) युग्मित 'टी' परीक्षण

(B) स्वतंत्र 'टी' परीक्षण

(C) एनोवा परीक्षा

(D) काई-स्क्वायर परीक्षण

35. अनुसंधान शुरू करने के लिए किसी को यह करना होगा

(A) कई स्पष्ट लक्ष्णों के साथ शुरुआत करें

(B) कई पूर्वनिर्धारित उद्देश्यों के साथ शुरुआत करें

(C) एक अच्छी तरह से परिभाषित शोध पद्धति होनी चाहिए

(D) शोध समस्या का समाधान करें।

# Paper II : Economics

36. Monopoly power results from the ability to-
    (A) Set price equal to marginal cost
    (B) Equate marginal cost to marginal revenue
    (C) Set price above average varibale cost
    (D) Set price above the marginal cost

37. If two comodities are perfect substitute, the indifference curve becomes -
    (A) A straight line with a positive slope
    (B) A straight lline with a negative slope
    (C) A horizontal line
    (D) A convex curve

38. An economic region of production consists of-
    (A) The portion of IQ lying above the ridge lines.
    (B) The portion lying between the ridge lines.
    (C) The portion lying below the ridge lines.
    (D) The portion lying above and below ridge lines.

39. Which of the following is true regarding income along a price consumption curve?
    (A) Income is increasing
    (B) Income is decreasing
    (C) Income is constant
    (D) The level of income depends on the level of utility

40. In which market structure, strategic considerations are most important?
    (A) Oligopoly market
    (B) Monopolistic competition market
    (C) Pure monopoly market
    (D) Pure competition market

41. The transaction demand for money depends not only on income but also on rate of interest. This is according to-
    (A) Tobin(B) Milton Friedman
    (C) J.M. Keynes (D) Irving Fisher

42. The chief object of the per capita income calculation is that -
    (A) It helps us to calculate the total natinal income.
    (B) It helps us about calculating indivual progress made by citizens.
    (C) It helps us to measure economic progress in terms of goods and service available per head.
    (D) It helps us to improve taxes on the individuals.

36. एकाधिकारी शक्ति परिणाम है उस योग्यता का जिसमें फर्म–
    (A) सीमान्त लागत के बराबर कीमत का निर्धारण करती है।
    (B) सीमान्त लागत और सीमान्त आगम दोनों बराबर हैं।
    (C) औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक कीमत का निर्धारण करती है
    (D) सीमान्त लागत से अधिक कीमत का निर्धारण करता है।

37. यदि दो वस्तुएँ पूर्ण स्थानापन्न हैं तो तटस्थता वक्र का आकार होगा –
    (A) धनात्मक ढलान वाली सीधी रेखा
    (B) ऋणात्मक ढलान वाली सीधी रेखा
    (C) क्षितिज के समानान्तर रेखा
    (D) उन्नोदर वक्र

38. उत्पादन के आर्थिक क्षेत्र में शामिल हैं –
    (A) समोत्पाद वक्र का वह हिस्सा जो रिज रेखाओं के ऊपर है।
    (B) रिज रेखाओं के बीच का हिस्सा
    (C) रिज रेखाओं के नीचे का हिस्सा
    (D) रिज रेखाओं के ऊपरी तथा नीचे का हिस्सा

39. कीमत उपभोग वक्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से आय के सम्बन्ध में क्या सही है?
    (A) आय में वृद्धि हो रही है।
    (B) आय में कमी हो रही है।
    (C) आय स्थिर है।
    (D) आय का स्तर, उपयोगिता के स्तर पर निर्भर करता है।

40. किस बाजार संरचना में व्यूह रचना का विचार बहुत महत्वपूर्ण है?
    (A) अल्पाधिकारी बाजार
    (B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगी बाजार
    (C) विशुद्ध एकाधिकार बाजार
    (D) विशुद्ध प्रतियोगी बाजार

41. मुद्रा की सौदा मांग न केवल आय पर निर्भर करती है बल्कि ब्याज की दर पर भी निर्भर करती है। उक्त कथन कहा गया है–
    (A) टोबिन (B) मिल्टन फ्रीमैन
    (C) जे0एम0 केन्स (D) इरविंग फिशर

42. प्रति व्यक्ति आय की गणना का मुख्य उद्देश्य यह है कि–
    (A) यह कुल राष्ट्रीय आय की गणना में मदद करता है।
    (B) यह देश के निवासियों की व्यक्तिगत उन्नति की गणना में मदद करता है।
    (C) यह प्रति व्यक्ति वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता के रूप में आर्थिक प्रगति के मापने में मदद करता है।
    (D) यह व्यक्तियों पर करों में सुधार में मदद करता है।

43. The National Income Committee set up by the government in August, 1949 for calculating of National Income, adopted -
   (A) A product method of calculating National Income.
   (B) The expenditure method of calculating National Income
   (C) The income and expenditure methods only discarding the product method.
   (D) The product and income methods only discarding the expenditure method.

44. Philips curve sets up a relation between :
   (A) Taxes and inflation
   (B) Inflation and unemployment
   (C) Money supply and Aggregate demand
   (D) Price and cost of production

45. The features of classical system are -
   (I) Monetary Factors determine output and employment.
   (II) Self adjustment mechanism of the economy.
   (III) State action to direct development
   (V) Optimization through market in the absence of state control
   (A) I and II
   (B) I, II and III
   (C) II and IV
   (D) I, II and IV

46. During recession -
   (A) Workers are laid off
   (B) Factories are idle
   (C) Firms may find that they are unable to sell all they produce
   (D) All the above

47. The deviation of unemployment from its natural rate is called
   (A) The nominal rate of unemployment
   (B) Frictional unemployment
   (C) Cyclical unemployment
   (D) Fluctuating unemployment

43. अगस्त, 1949 में सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय आय समिति की स्थापना राष्ट्रीय आय की गणना के लिए की गयी थी। इस समिति ने अंगीकृत किया –
   (A) राष्ट्रीय आय की गणना की उत्पादन रीति
   (B) राष्ट्रीय आय की गणना की व्यय रीति
   (C) केवल आप एवं व्यय रीति का प्रयोग, उत्पाद रीति को हटाते हुए
   (D) केवल उत्पाद एवं आय रीति का प्रयोग, व्यय रीति को हटाते हुए

44. फिलिप्स वक्र निम्नांकित में से किसके मध्य संबंध स्थापित करता है?
   (A) कर एवं मुद्रा स्फीति
   (B) मुद्रा स्फीति और बेरोजगारी
   (C) मुद्रा आपूर्ति और कुल मांग
   (D) उत्पादन का मूल्य तथा लागत

45. प्रतिष्ठित व्यवस्था की विशेषताएं हैं –
   (I) उत्पादन तथा रोजगार को मौद्रिक कारक निर्धारित करते हैं।
   (II) अर्थव्यवस्था का स्वतः समायोजन तंत्र
   (III) प्रत्यक्ष विकास के लिए राजकीय कार्यवाही
   (IV) राजकीय नियन्त्रण की अनुपस्थिति में बाजार के माध्यम से इष्टतमीकरण
   (A) I तथा II
   (B) I, II तथा III
   (C) II तथा IV
   (D) I, II तथा IV

46. मन्दी के दौरान –
   (A) श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया जाता है।
   (B) फैक्ट्री निष्क्रिय हो जाती है।
   (C) फर्मों को यह पता चलता है कि जितना वे उत्पादन करते हैं उसे बेचने में असमर्थ हैं।
   (D) उपर्युक्त सभी

47. बेरोजगारी की प्राकृतिक दर से विचलन को कहा जाता है –
   (A) नाममात्र बेरोजगारी
   (B) प्रतिरोधात्मक बेरोजगारी
   (C) चक्रीय बेरोजगारी
   (D) उच्चावचन बेरोजगारी

48. Consider the following statements :

(I) The repo rate is the rate at which other banks borrow from the central bank of a country.

(II) A value of 1 for Gini coefficient in a country implies that there is perfectly euqality is income distribution.

Which among the above is/are correct?

(A) II only (B) I only

(C) Both I and II (D) Neither I nor II

49. The full capicity growth rate in Harrod-Domar Model is also known as :

(A) Actual growth Rate

(B) Warranted growth rate

(C) Natural growth rate

(D) Expected growth rate

50. Meeting the needs of present generation without compromising the needs of future generation is -

(A) Economic Development

(B) Social Development

(C) Sustainable Development

(D) Economic Growth

51. The premise that benefit of economic growth will reach all sections of population is called -

(A) Trickel up effect

(B) Trickle down effect

(C) Take-off effect

(D) Backlash effect

52. Solow built his model as an alternative to-

(A) Kaldor's model of growth

(B) Ranis-Fei model of growth

(C) Harrod-Domar model of growth

(D) Mead's model growth

53. Adam Smith advocated which of the following?

(I) Laissez-Fair

(II) The invisible hand

(III) Free trade policy

(IV) Competitive Market

Choose the correct answer from the code given below :

(A) I and II (B) II and III

(C) I, II and III (D) I, II, III and IV

48. निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

(I) रेपो रेट वह दर है जिस पर अन्य बैंक उस देश के केन्द्रीय बैंक से उधार लेते हैं।

(II) किसी राष्ट्र में गिनी गुणांक के लिए 1 के मूल्य का निहितार्थ यह है कि आय वितरण में पूर्णतया समानता है।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है?

(A) केवल II (B) केवल I

(C) I तथा II दोनों (D) न तो I और न ही II

49. हैरड-डोमर मॉडल में पूर्णक्षमता (या समर्थता) संवृद्धि दर को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है –

(A) वास्तविक संवृद्धि दर

(B) अभीष्ट संवृद्धि दर

(C) प्राकृतिक संवृद्धि दर

(D) अपेक्षित संवृद्धि दर

50. भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं को संकट में डाले बगैर वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करना कहलाता है –

(A) आर्थिक विकास

(B) सामाजिक विकास

(C) धारणीय विकास

(D) आर्थिक वृद्धि

51. यह धारणा कि आर्थिक संवृद्धि का लाभ जनसंख्या के सभी वर्गों को पहुंचेगा, क्या कहलाता है?

(A) ट्रिकल अप प्रभाव

(B) ट्रिकल डाऊन प्रभाव

(C) टेक-आफ प्रभाव

(D) प्रति-प्रभाव (बैकलेश प्रभाव)

52. सोलो ने अपना मॉडल किसके विकल्प के रूप में निर्मित किया?

(A) काल्डोर का विकास मॉडल

(B) रेनिश-फी का विकास मॉडल

(C) हैरड-डोमर का विकास मॉडल

(D) मीड का विकास मॉडल

53. एडम स्मिथ ने निम्नलिखित में से किसका समर्थन किया है?

(I) अहस्तक्षेप की नीति

(II) अदृश्य हाथ

(III) मुक्त व्यापार नीति

(IV) प्रतियोगी बाजार

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) I तथा II (B) II तथा III

(C) I, II तथा III (D) I, II, III तथा IV

54. Which one of the statement is true for Arithmetic Mean?

(A) Algebric sum of the deviation of a set of values from their arithemtic mean is equal to one.

(B) Algebraic sum of the deviations of a set of values from their arithemetic means is greater than one.

(C) Algebraic sum of the deviations of a set of values from their arithemetic means is equal to zero.

(D) Algebraic sum of the deviations of a set of values from their arithmetic mean is greater than zero

55. The value of mode is determined by the 'method of grouping' in which of the following cases?'

(I) If the maximum frequency is repeated

(II) If the maximum frequency occurs in the very begining or at the end of the distribution.

(A) Only I (B) Only II

(C) Both I and II (D) Neither I nor II

56. A normal curve is also called as -

(A) Platykurtic Curve (B) Mesokurtic Curve

(C) Leptokurtic Curve (D) None of these

57. Which of the given statement is not true for the following regression equations?

8X - 10Y + 66 = 0; 40X - 18Y - 214 = 0

(I) Mean values of X and Y are 13 and 17 respectively.

(II) Regression co-efficient of Y on X is 0.8.

(III) Correlation coefficient between X and Y is -0.6

(A) I (B) II

(C) III (D) None of these

58. Which of the following statement is correct?

(A) According to classical economists there is no fundamental difference between inter-regional and international trade.

(B) According to Ohlin the difference between inter-regional an international trade is of kind.

(C) According to Ohlin the difference between inter-regional and international trade is of degree

(D) Labour and capital are completely mobile with in country and as well as between countries.

54. समान्तर माध्य के लिए निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

(A) समान्तर माध्य से मदों के विचलन का बीजगणितीय जोड़ एक होता है।

(B) समान्तर माध्य से मदों के विचलन का बीजगणितीय जोड़ एक से अधिक होता है।

(C) समान्तर माध्य से मदों के विचलन का बीजगणितीय जोड़ शून्य होता है।

(D) समान्तर माध्य से मदों के विचलन का बीजगणितीय जोड़ शून्य से अधिक होता है।

55. समूहन रीति द्वारा बहुलक के मान का निर्धारण निम्न में से किन स्थितियों में किया जाता है?

(I) यदि अधिकतम आवृत्ति दो या दो से अधिक स्थानों पर हो।

(II) यदि अधिकतम आवृत्ति, बंटन के प्रारम्भ में या अंत में हो।

(A) केवल I (B) केवल II

(C) I और II दोनों (D) न I और न ही II

56. एक सामान्य वक्र को कहते हैं-

(A) प्लेटीकर्टिक वक्र (B) मेसोकर्टिक वक्र

(C) लेप्टो कर्टिक वक्र (D) इनमें से कोई नहीं

57. निम्न प्रतीगमन समीकरणों के सन्दर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?

8X - 10Y + 66 = 0; 40X - 18Y - 214 = 0

(I) X तथा Y का माध्य मान क्रमशः 13 व 17 है

(II) Y का X पर प्रतीपगमन गुणांक 0.8 है।

(III) X तथा Y के मध्य सह-सम्बन्ध गुणांक - 0.6 है।

(A) I (B) II

(C) III (D) इनमें से कोई नहीं

58. निम्न में से कौन सा कथन सही है?

(A) प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के अनुसार अन्तर्क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में कोई मूलभूत अन्तर नहीं है।

(B) ओहलिन के अनुसार अन्तर्क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के बीच अन्तर प्रकार का है।

(C) ओहलिन के अनुसार अन्तर्क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के बीच अन्तर मात्रा (डिग्री)का है।

(D) श्रम एवं पूंजी देश के भीतर एवं देशों के मध्य पूर्णरूप से गतिशील हैं।

59. In the opportunity cost theory of international trade under constant cost, if two countries are unequal size, there will be

(A) Complete specialisation in small country.
(B) Complete specialisation in big country.
(C) Incomplete specialisation in small country.
(D) The big country will get more gain from trade.

60. On examining Heckscher-Ohlin theory of international trade by using physical criterion of factor abundance, when will the theory stand valid-

(I) If the consumption bias and the production bias are towards the same direction in both countries.
(II) If consumption bias and the production bias are in opposite direction in both countries

Choose the correct option.

(A) If I is correct
(B) If II is correct
(C) If both I and II are correct
(D) If neither I nor II is correct

61. In balance of payment structure import and export of visible and invisible commodities are a part of -

(A) Current Account
(B) Capital Account
(C) Account of Financing
(D) Official settlement account

62. If borrowing and liabilities are added to budgetary deficit it becomes equal to -

(A) Primary deficit (B) Fiscal deficit
(C) Revenue deficit (D) Budgetary surplus

63. Subsidised low cost housing is an example of

(A) Public good (B) Merit good
(C) Club good (D) Mixed good

64. The Peacock-Wiseman Hypothesis, the effect where by the Central Government becomes a larger proportion of aggregate public sector is called -

(A) Displacement Effect
(B) Concentration Effect
(C) Inspection Effect
(D) Substitution Effect

59. स्थिर अवसर लागत सिद्धान्त के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अगर दो देश असमान आकार के हैं, तब–

(A) छोटे देश में पूर्ण विशिष्टीकरण होगा।
(B) बड़े देश में पूर्ण विशिष्टीकरण होगा।
(C) छोटे देश में अपूर्ण विशिष्टीकरण होगा।
(D) बड़े देश को व्यापार से अधिक लाभ होगा।

60. साधन प्रचुरता के भौतिक मापदण्ड के आधार पर हैक्सचर – ओहलिन सिद्धान्त का परीक्षण करने पर, सिद्धान्त सत्य सिद्ध होता है, जब –

(I) यदि दोनों देशों में उत्पादन अभिनति व उपभोग अभिनति समान दिशा में है
(II) अगर दोनों देशों में उत्पादन अभिनति व उपभोग अभिनति विपरीत दिशा में हैं।

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) यदि I सही है
(B) यदि II सही है
(C) यदि I व II दोनों सही हैं
(D) यदि न I और न ही II सही हैं?

61. भुगतान–सन्तुलन संरचना में दृश्य एवं अदृश्य मद का आयात एवं निर्यात भाग है –

(A) चालू खाते का
(B) पूंजी खाते का
(C) वित्त व्यवस्था खाते
(D) सरकारी व्यवस्थापन खाते का

62. यदि उधार एवं अन्य देयताएं बजटीय घाटे में जोड़ दी जाती हैं तब वह बराबर होती है –

(A) प्राथमिक घाटा (B) राजकोषीय घाटा
(C) राजस्व घाटा (D) बजटीय अतिरेक

63. रियायती कम लागत आवास उदाहरण है –

(A) सार्वजनिक वस्तु (B) मेरिट वस्तु
(C) क्लब वस्तु (D) मिश्रित वस्तु

64. पीकाक–वाइसमैन परिकल्पना में, वह प्रभाव जहाँ केन्द्र सरकार समग्र सार्वजनिक क्षेत्र का बड़ा भाग बन जाती है, कहलाता है–

(A) विस्थापन प्रभाव
(B) एकाग्रता प्रभाव
(C) निरीक्षण प्रभाव
(D) प्रतिस्थापन प्रभाव

65. The G.S.T. Law in India came into force on -

(A) 1, July 2015 (B) 1, July 2016
(C) 1, July 2017 (D) 1, July 2018

66. Which one of the followig is not a method of redeeming public debt?

(A) Sinking fund
(B) Conversion of Loans
(C) Terminal Annuities
(D) Grants in Aid

67. A counter cylical fiscal policy implies -

(I) Decreasing government expenditure during recession.
(II) Decreasing taxes during expansion
(III) Increasing government expenditure during recession
(IV) Decreasing taxes during recession

Choose the correct Option

(A) I, II and IV are correct
(B) III and IV are correct
(C) II and III are correct
(D) I and II are correct

68. Under the Pradhan Mantri Garib Kalyan Ann Yojana, the number of beneficiaries provided addition food grains above the NFSA mandated requirements till November 2020 was -

(A) 50.92 Crores (B) 71.80 Crores
(C) 75.90 Crores (D) 80.96 Crores

69. The share of agriculture and allied sector in GVA of economy for the year 2019-20 (at current prices) was approximately -

(A) 17.8% (B) 20.1%
(C) 15.4% (D) 16.3%

70. Since when did the bank notes of Mahatma Gandhi series of Rs. 500 and Rs.1,000 denomination cease to be legal tender?

(A) Midnight of 06 November, 2016
(B) Midnight of 08 November, 2017
(C) Midnight of 08 November, 2016
(D) Midnight of 09 November, 2016

65. जी0एस0टी0 कानून भारत में कब लागू किया गया?

(A) 1, जुलाई, 2015 (B) 1, जुलाई, 2016
(C) 1, जुलाई, 2017 (D) 1, जुलाई, 2018

66. निम्न में से कौन सी सार्वजनिक ऋण से छुटकारा पाने की विधि नहीं है?

(A) शोधन कोष
(B) ऋणों का बदलाव
(C) आवधिक वार्षिकी
(D) सहायतार्थ अनुदान

67. जवाबी चक्रीय राजकोषीय नीति का तात्पर्य है –

(I) मंदी के समय सरकारी व्यय कम करना
(II) तेजी के समय कर कम करना
(III) मन्दी के समय सरकारी व्यय में वृद्धि करना
(IV) मंदी के समय कर कम करना

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) I, II, व IV सही है
(B) III व IV सही है
(C) II व III सही है
(D) I व II सही है

68. नवम्बर, 2020 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अधीन कितने लाभार्थियों को NFSA द्वारा अनुमोदित आवश्यकता से अधिक अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया था?

(A) 50.92 करोड़ (B) 71.80 करोड़
(C) 75.90 करोड़ (D) 80.96 करोड़

69. वर्ष 2019-20 में (मौजूदा कीमतों पर)देश के सकलयोजित मूल्य में कृषि कार्य और सम्बद्ध क्षेत्र की गतिविधियों का हिस्सा लगभग था–

(A) 17.8% (B) 20.1%
(C) 15.4% (D) 16.3%

70. महात्मा गाँधी श्रृंखला के रु. 500 एवं रु. 1000 के नोट कब से वैधानिक मुद्रा के रूप में अस्वीकृत हो गये?


(A) 06 नवम्बर, 2016 की मध्यरात्रि
(B) 08 नवम्बर, 2017 की मध्यरात्रि
(C) 08 नवम्बर, 2016 की मध्यरात्रि
(D) 09 नवम्बर, 2016 की मध्यरात्रि

# ओ.एम.आर. पत्रक में उत्तर अंकित करने के लिये आवश्यक अनुदेश

## आवश्यक निर्देश / IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. यदि उम्मीदवार का अनुक्रमांक-2301010022169, है, कॉलेज कोड-002 है, प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला-P है और पेपर कोड-016 है, तो निर्देशानुसार बॉक्स में भरें और उसी अनुसार अंडाकारों को गहरा करें।

   If candidate's Roll no. -23010 10 0022169, College Code-002, Question Booklet Series-P and Paper Catch- 016, then write in the box as indicated darken the ovals accordingly





2. उत्तर अंकित करने की विधि

   Method for marking answer

सही विधि
Correct Method

गलत विधि
Wrond Method




3. कृपया उत्तर-पत्रक में सभी प्रविष्टि भरने के लिये काले रंग के बॉल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करें जिसमें घेरे को काला करना भी शामिल है। एक बार भर दिये जाने के बाद प्रविष्टि बदली नहीं जा सकती। यदि अभ्यर्थी ने गलत प्रविष्टियों भर दी है तो उसके बदले में दूसरा उत्तर पत्रक नहीं दिया जाएगा।

   Please use only black ball point pen for making all entries in the Answer Sheet which includes darkening of the ovals- Entries once made can not be changed- Replacement Answer Sheet will not be provided if incorrect entry made by the candidate.

4. इस उत्तर-पत्रक को सिस्टम द्वारा प्रोसेस किया जायेगा, अतः कृपया सुनिश्चित कर लें कि प्रविष्टियाँ सही और पूरी हैं। ऐसा न होने पर सिस्टम वांछित सूचना नहीं ले पायेगा।

   This Answer Sheet will be system processed. Hence please ensure that the entries are correct and complete, falling which, the system will not capture the desired information.

5. कृपया परीक्षा-कक्ष से बाहर निकलने से पहले उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका पर्यवेक्षक को सौंप दें।

   Please handover the OMR Sheet and Question Booklet to the invigilator before leaving the examination hall.

6. उत्तर-पत्रक में कोई भी अन्य निशान नहीं लगाएँ। किसी भी अन्य कागज, गणना मशीन, मोबाइल आदि का इस्तेमाल वर्जित है और ऐसा करने पर अयोग्य ठहराया जायेगा।

   Do not put any stray marks anywhere on the answer sheet. Use of any other paper, calculating machine, mobile etc. is prohibited and will lead to disqualification.

7. ऊपर वर्णित किसी भी अनुदेश का पालन न करने पर आपका उत्तर-पत्रक अमान्य होगा और उसकी जाँच नहीं की जायेगी।

   Failure to adhere to any instruction given above will render your answer sheet as invalid and it will not be evaluated.